तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 12 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 बिहारपुर में विचरण कर रहा 15 हाथियों का दल




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय युवा दिवस आज होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को जिले के युवाओं के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में यह आयोजन तिलसिवां ऑडिटोरियम में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के समस्त स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थी एवं खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष के मध्य होना अनिवार्य है।

### तातापानी महोत्सव के लिए भारी वाहनों हेतु मार्ग परिवर्तित

**बलरामपुर।** तातापानी महोत्सव के मद्देनजर जिला प्रशासन ने मालवाहक व भारी वाहनों के आवागमन हेतु मार्ग परिवर्तित करने का आदेश जारी है। बता दें कि मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी में 14 से 16 जनवरी तक महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ उमड़ने वाली है। कार्यक्रम में प्रदेश के साथ ही पड़ोसी राज्यों से भी लोग आते है। ऐसे में लोगों की भारी भीड़ के मद्देनजर एसपी वैभव बीनकर ने सुरक्षित आवागमन हेतु भारी वाहनों के आवागमन का मार्ग परिवर्तित करने का प्रस्ताव दिया था। ऐसे में अपर कलेक्टर ने 13 जनवरी की सुबह 10 बजे से 16 जनवरी की रात 12 बजे तक रामानुजगंज तातापानी- बलरामपुर सेमरसोत तक भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगाया गया है। जारी आदेश के तहत भारी मालवाहक वाहन अंबिकापुर से लटोरी, जरही, वाड्रफनगर, प्रेमनगर मोढ़ होते हुए रामानुजगंज, कुसमी से राजपुर, सेमरसोत, डवरा, परसवार, प्रतापपुर, वाड्रफनगर,प्रेमनगर मोड़ होते हुए रामानुजगंज व रामानुजगंज से विजयनगर, त्रिकुण्डा, प्रेमनगर मोड़, वाड्रफनगर होते हुए -अंबिकापुर तक आवागमन करेंगे।

### पड़ोसी ने घर में घुस किया महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शराब के नशे में धुत पड़ोसी ने न सिर्फ महिला के घर दाखिल हुआ बल्कि गाली गलौज करते हुए जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम तरका निवासी सुमन यादव पति स्व. शिव कुमार (35 वर्ष) शुक्रवार की रात घर में बच्चों के साथ थी। इसी दौरान पड़ोसी ज्वाला उर्फ मुटूर बरगाह शराब पीने के पश्चात महिला के घर घुस गया जिस पर महिला ने घर में घुसने से मना किया तो ज्वाला ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 331(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बालू का पैसा मांगने गए युवक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बालू का पैसा मांगने गए युवक को ग्रामीण न सिर्फ पैसा देने से इंकार किया बल्कि गाली-गलौज करते हुए युवक की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंपानगर निवासी सत्य प्रकाश सिंह आ. दलसु राम (25 वर्ष) शुक्रवार को द्वारिकापुर निवासी ईश्वर यादव के घर बालू को पैसा मांगने गया था। युवक ने पैसों की मांग की तो ईश्वर ने पैसा देने से मना कर विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि ईश्वर ने गाली-गलौज करते हुए जमकर पिटाई दी जिससे युवक मौके पर ही अचेत हो गया। घायल को रामानुजनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई । रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296,351(3),115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## सोशल मीडिया में वायरल हो रहा बार बालाओं के ठुमके लगाने का वीडियो

# पर्यटन स्थल कुमेली स्थित रेस्ट हाउस बना रइसों का अड्डा





रेस्ट हाउस में रइसों के सामने ठूमके लगाती बार बालाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

**खास बात**

- देर रात तक जुए का फड़ सजने की चर्चा

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुमेली स्थित वन विभाग निगम का विश्रामगृह रइसों की अय्याशी का अड्डा बन गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियों वायरल हो रहा है जिसमें रेस्ट हाउस में क्षेत्र के रईस फर्श पर बैठे हैं तथा बार बालाएं नृत्य प्रस्तुत कर रही हैं। यह वीडियो कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

सूरजपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र रामानुजनगर में स्थित है पर्यटन स्थल कुमेली। कुमेली पर्यटन स्थल पर आकर्षक झरना है जहां पहाड़ी से नदी का पानी गिरता है। कुमेली की प्राकृतिक सुंदरता को देखने दूर-दूर के पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों एवं वन अधिकारियों की सुविधा के लिए वन विभाग द्वारा पर्यटन स्थल पर विश्रामगृह का निर्माण कराया गया है। हालांकि कुमेली क्षेत्र के जंगल को विकसित करने की जिम्मेदारी वन विकास निगम को सौंपी गई है। वन विभाग ने क्षेत्र के जंगल को वर्षों पूर्व वन विकास निगम को सौंप दिया है लेकिन रेस्ट हाउस का प्रभार अपने पास ही रखा है। क्षेत्र के जंगलों से वन अधिकारियों का नाता नहीं होने के कारण विभाग के अधिकारी रेस्ट हाउस तक नहीं पहुंचते तथा विभाग के कर्मचारी इसकी व्यवस्था संभालते है। अधिकारियों का नियंत्रण नहीं होने से लम्बे समय से क्षेत्र के रईस रेस्ट हाउस का दुरूपयोग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेस्ट हाउस में पूरी रात रइसों की मजलिस सजती है। दूर-दूर के रईस रेस्ट हाउस में पहुंचते हैं अपने मनोरंजन के लिए बार बालाओं को बुलाते हैं जो देर रात तक ठुमके लगाती है। रईस यहां जमकर शराबखोरी करते हैं साथ ही जुआ भी खेलते हैं। क्षेत्रवासी रेस्ट हाउस में इस तरह की गतिविधियां पिछले तीन-चार सालों से संचालित होने एवं मजलिस में बड़ी संख्या में नियमित दूर-दूर के रइसों के शामिल होने की बात कह रहे हैं।

### अधिकारी एक-दूसरे पर थोप रहे है जिम्मेदारी

वीडियो वायरल होने के बाद वन अधिकारी रेस्ट हाउस की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हो रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी रेस्ट हाउस को वन विकास निगम का जबकि वन विकास निगम के अधिकारी इसे वन विभाग के अधीन होने की बात कह रहे हैं। हालाकि रेस्ट हाउस वन विभाग के ही अधीन है तथा इसके देखरेख की जिम्मेदारी डिप्टी रेंजर को सौंपी गई है। रेस्ट हाउस में राजनीतिक रसुख वाले लोग ही पहुंचते हैं इसलिए वनकर्मी उन्हें आसानी से रेस्ट हाउस की चाबी सौंप देते हैं।

### मकर संक्रांति पर लगता है मेला

पर्यटन स्थल कुमेली में मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल मेला लगता है। मेले में दूर-दूर के व्यवसायी अपनी दुकानें लगाते हैं। मेला में दूर-दूर के ग्रामीण पहुंचते हैं तथा पर्यटन स्थल पर स्नान कर प्राचीन शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। आयोजन समिति द्वारा मकर संक्रांति मेला की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आयोजक समिति के सदस्य मेला में 50 हजार से अधिक ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### डीएफओ को दिए हैं निर्देश

कुमेली रेस्ट हाउस के देखरेख की जिम्मेदारी वन विभाग के पास है। डीएफओ को वीडियो की जांच कराने एवं अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

-रामसेवक पैकरा
अध्यक्ष, वन विकास निगम

### नहीं मिली है सूचना

कुमेली रेस्ट हाउस में अवैध गतिविधियां संचालित होने के संबंध में सूचना अभी ही मिली है। मैं तत्काल स्वयं पहुंचकर वस्तुस्थिति की जानकारी लेता हूं।

एलिक लकड़ा
थाना प्रभारी, रामानुजनगर



## ग्रामीण से नकदी और मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दरिमा पुलिस ने की कार्रवाई

ग्रामीण से लूट के मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और 5 सौ रुपए नगद बरामद किया है।

बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर पटेलपारा निवासी बचन राम 30 दिसम्बर को अपने ससुराल पहाड़ पारा से 10 हाजर रुपए और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन एक थैला में रखकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान शाम 4 बजे महेशपुर जंगल के समीप मोहनपुर की ओर से आ रहे स्कूटी सवार तीन लोगों ने अचानक ही ग्रामीण का थैला लूट गया और फरार हो गए। लूट के बाद ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में पुलिस व साइबर सेल की टीम घटना की जांच कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने सीतापुर बंदना मांझापारा निवासी 24 वर्षीय नागेश्वर पैकरा उर्फ डोडू आ. मुन्ना पैकरा व काराबेल निवासी 27 वर्षीय खुशबु यादव आ. कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर ग्रामीण का रुपए से भरा थैला लूटने की बाद स्वीकार की। आरोपियों ने लूट की रकम को आपस में बात लिया था। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी के साथ ही 500 रुपए बरामद किया है जबकि वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार आरोपी नागेश्वर पैकरा के खिलाफ पूर्व में भी कई अपराध दर्ज है और वह आदतन बदमाश है। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 304(2), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा राजेश खलखो, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक सुजीत पाल, शत्रुधन सिंह, भोजराज पासवान, आरक्षक शेरशाह मिंज, अशोक कुमार, जितेश साहू सक्रिय रहे।

### धान का भूसा रेत में जाने पर देवर ने की भाभी के साथ मारपीट

**अम्बिकापुर।** ईट, रेत व मिट्टी में धान का भूसा जाने से नाराज देवर ने गाली-गलौज करते हुए भाभी की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम डबरीपारा निवासी बसंती बाई पति बद्री प्रसाद जायसवाल शनिवार को अपने खलिहान में धान को साफ करने के लिए हवा में उड़ा रही थी जिससे धान का भूसा पास ही देवर उदय प्रसाद द्वारा गिराए गए ईट, मिट्टी व रेत में जाने लगा। जिसे देख देवर ने धान को हवा में उड़ाने से मना किया और नहीं मानने पर भाभी की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296 (बी), 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।



## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से भंडारित 460 क्विंटल धान जब्त

अंबिकापुर। सरगुजा में अवैध रूप से धान की तस्करी व भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से भंडारित किए गए धान के खिलाफ कार्रवाई की है। अधिकारियों ने छापामार कार्रवाई के दौरान 460.80 क्विंटल धान जब्त किया है। बता दें कि जिले में अवैध धान संग्रहण एवं कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध धान के प्रकरण दर्ज कर धान जब्ती की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए संग्रहित धान पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण बनाया गया। जांच में हनुमंत ट्रेडर्स, असोला से 288 क्विंटल, केसरवानी ट्रेडर्स, परसा से 116 क्विंटल तथा विकास ट्रेडर्स, सोनपुरकला से 56.8 क्विंटल धान जब्त किया गया। इस प्रकार कुल 460.80 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। खाद्य विभाग एवं मंडी टीम द्वारा मौके पर दस्तावेजों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई तथा जब्त धान को सुरक्षित अभिरक्षा में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने तथा अवैध भंडारण एवं व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए की गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान संग्रहण, परिवहन अथवा व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## पीछा व गाली गलौज करने से नाराज होकर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- तीनों ने मिलकर पहले की मारपीट फिर मारा पेट में चाकू, युवती समेत तीन गिरफ्तार
- घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद



चाकू गोदकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पीछा करने के साथ ही गाली गलौज किए जाने से नाराज युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और फिर आरोपी युवक ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के साथ ही आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 10 जनवरी की सुबह गांधीनगर डेयरी फार्म रोड में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुभाषनगर निवासी 46 वर्षीय बबलू मंडल आ. तिवारी लाल मंडल के रूप में की गई थी। प्रारंभिक जांच में ही मृतक के गले में किसी धागे से खींचने के निशान व पेट में चाकू मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। वहीं चाकू मारकर हत्या किए जाने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस मूलतः बलरामपुर केनापारा हाल मुकाम सुभाषनगर निवासी 20 वर्षीय सुमित एक्का आ. धरम देव एक्का, मुक्तिपारा गांधीनगर निवासी 22 वर्षीय प्रमोद तिवारी उर्फ टक्कु आ. स्व. भीम तिवारी व गांधीनगर सोनी मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय सुष्मिता हरिला उर्फ सोनिया पति शुभम विश्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में आरोपी सुमित ने पुलिस को बताया की सोनिया से उसकी पहचान 4-5 साल पहले हुई थी और वह उसे मुंह बोली बहन मानता है। सोनिया ही सुमित की पहचान प्रमोद तिवारी से कराई थी और तीनों का आपस में अक्सर मिलना जुलना होते रहता था। घटना दिवस की रात खाना खाने के बाद आरोपी सुमित एक्का और सोनिया सोने के लिए अपनी किसी महिला मित्र के कमरे में चले गए लेकिन कमरे में ताला लगा होने के कारण दोनों ने ताला तोड़ना शुरू कर दिया। ताला तोड़ने पर मकान मालिक मौके पर पहुंच गया जिसके बाद उनके बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर मृतक बबलू मंडल भी मौके पर आया और सुमित व सोनिया से गाली गलौज करने के साथ ही धमकी देने गया जिसके बाद सुमित और सोनिया वहां से निकल गए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, सउनि धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, विकास सिन्हा, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक अरविंद उपाध्याय, घनश्याम देवांगन, राहुल सिंह, रमन मंडल, दीनदयाल सिंह, मनीष सिंह ,राहुल केरकेट्टा, अमृत सिंह एवं ऋषभ सिंह सक्रिय रहे।

### पीछा करते हुए पहुंचा था मृतक

पुलिस ने अनुसार विवाद के बाद मृतक बबलू मंडल आरोपी सोनिया और सुमित का पीछा करने लगा और घटना स्थल डेयरी फार्म रोड पहुंचा। इस दौरान बबलू ने सोनिया को गाली देना शुरू कर दिया और किसी अन्य व्यक्ति को बुलाने लगा ऐसे में सोनिया ने भी अपने मित्र प्रमोद तिवारी को बुला लिया। कुछ ही देर में प्रमोद तिवारी मौके पर आया जिसके बाद तीनों ने पकड़कर बबलू मंडल की पिटाई शुरू कर दी और मारपीट के दौरान सुमित ने अपने पास रखे चाकू से मृतक के पेट पर वार किया जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर गया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों डरकर मौके से भाग निकले और घटना में प्रयुक्त चाकू को प्रिसेंस कॉटेज के समीप कचरे के ढेर में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त तीन नग मोबाइल फोन बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि आरोपी सोनिया का पति भी आदतन बदमाश और नशेडी है। पूर्व में आरोपी के पति को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## कांग्रेस ने किया एक दिवसीय उपवास व धरना प्रदर्शन

# मनरेगा को समाप्त कर सरकार कर रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तहस नहस : लैतफलांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना को मोदी सरकार द्वारा समाप्त किए जाने के विरोध में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव जरिता लैतफलांग के नेतृत्व में गांधी चौक पर गांधीजी की प्रतिमा के सामने 1 दिवसीय उपवास और धरना प्रदर्शन किया।

मनरेगा योजना में केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा बदलाव कर उसकी मूल भावना को समाप्त करने और योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में कांग्रेस ने 45 दिवसीय मनरेगा बचाओ संघर्ष के नाम से आंदोलन की घोषणा की है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्य तिथि पर गांधी चौक पर उनके चित्र एवं गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रातः 9 बजे धरना कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शाम 4 बजे तक जारी इस उपवास का समापन गुड़-चूड़ा खाकर किया गया। इस दौरान कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव और छत्तीसगढ़ की सहप्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग ने कहा कि मनरेगा को समाप्त कर मोदी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तहस-नहस कर रही है। जबसे मोदीजी की सरकार बनी है तबसे वो मनरेगा में देश के 12 करोड़ पंजीकृत मजदूरों को साल में 50 दिन का रोजगार भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है और नयी योजना के नाम पर 125 दिन रोजगार का झांसा देने का विज्ञापन छपवा रही है। जिस देश के गांवों में सही ढंग से नेटवर्क नहीं है, बेतहाशा अशिक्षा है वहां रियल टाईम मोनिटरिंग के खोखले दावे वाले जुमले नई योजना के नाम पर फेंका जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम से चल रही मनरेगा योजना से उनका नाम हटाने के उद्देश्य से जिस प्रकार सरकार ने हिंदी और अंग्रेजी के बेमेल जोड़ से नई योजना में प्रभु राम का नाम जोड़ा है वो प्रभु राम का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि नयी योजना लाकर मोदी सरकार ने न केवल रोजगार की गारंटी को अव्यवहारिक बना दिया है साथ ही रोजगार देने की प्रक्रिया से ग्राम पंचायतों को अलग कर ग्राम पंचायतों को भी कमजोर कर दिया है। गांधी चौक पर आयोजित सात घंटे के इस उपवास के दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमसाय सिंह एवं अमरजीत भगत, अजय अग्रवाल, डॉ. अजय तिर्की, मो इस्लाम, रामविनय सिंह, विनय शर्मा, तिलक बेहरा, बलराम यादव, इंद्रजीत सिंह धंजल, अमित सिंहदेव, संध्या रवानी, अनिमा केरकेट्टा, कलीम खान, मेराज गुड्डू, मो बाबर, विकल झा, आशीष जायसवाल, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, निकी खान, सतीश बारी, सोहन जायसवाल, शुभम जायसवाल, प्रमोद चौधरी, उत्तम राजवाड़े, अमित सिन्हा, सीपू सिंह, परवेज आलम गांधी, तरणराज सिंह, नुजहत फातिमा, श्रीमती हमीदा, शकीला सिद्दकी, रश्मि सहित अन्य मौजूद थे।

## मवेशियों की तस्करी, चार आरोपी गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** मवेशियों की तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 6 रास भैंस बरामद किया है। बतौली पुलिस के अनुसार प्क्सरी निवासी विश्वनाथ यादव ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 जनवरी को भटको लग्गू चौक के समीप तेजू बरगाह, शिवचरण नगेशिया, मुनेश बरगाह 6 रास भैंस को मारते पीटते हुए पैदल ही बूचड़खाना की तरफ लेकर जा रहे है। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी कर दरिमा पाटी पारा निवासी 45 वर्षीय तेजू बरगाह आ. सुखदेव बरगाह, 50 वर्षीय शिवरचन नरोशिया आ. सालहेर, 35 वर्षीय मुनेश बरगाह आ. सुन्दर बरगाह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने बताया कि वे नवरतन बरगाह के कहने पर मवेशियों को लेकर जा रहे है। ऐसे में पुलिस ने सीतापुर शिवनाथपुर निवासी 60 वर्षीय नवरत्न बरगाह आ. पीताम्बर यादव को हअसत में लेकर पूछताछ की तो उसने भी अप जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से मवेशियों को जब्त करने के साथ ही छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम धारा 11, 1 (घ) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली विवेक सेंगर, सउनि नारायण सिंह मरावी, प्रधान आरक्षक अनूप कुजुर, महिला आरक्षक मेरी क्लारेट, आरक्षक राजेश खलखो, गजानंद सिंह, विकाश एक्का, हिमांशु, राजू सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप

### गौवंश को बेरहमी से मारा, थाने में शिकायत

**बैकुण्ठपुर।** गौवंश की एक व्यक्ति द्वारा बेरहमी पूर्वक पिटाई करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्टीय गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में लिखित शिकायत देकर पशु क्रुरता अधिनियम के तहत कार्यवाई करने की मांग की। सिटी कोतवाली बैकुंठपुर के नाम सौंपे गए शिकायत में उल्लेख किया है कि सिटी कोतवाली अंतर्गत तलवापारा में एक बैल को घटना दिवस को लहुलुहान करते तक बेरहमी से पिटाई की, स्थानयी लोगों के समझाईस के बाद भी बैल को वह पिटता रहा। इस मामले में गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### जन जागरण कार्यक्रम के मंडल संयोजक बने रीत

**डोमनहिल।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले ने युवा नेता एवं भाजपा



चिरमिरी मंडल के महामंत्री रीत जैन को केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जीरामजी योजना के जन जागरण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए चिरमिरी मंडल का संयोजक नियुक्त किया है, इसके साथ ही आशीष अग्रवाल एवं महेश ठाकुर को सदस्य नियुक्त किया है। श्री जैन की इस नियुक्ति से उनके समर्थकों के बीच हर्ष व्याप्त है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए युवा भाजपा नेता रीत जैन ने कहा कि इस नियुक्ति के लिए वे पार्टी के नेतृत्व का आभार प्रकट करते हैं। वे अपनी टीम के साथ लोगों के बीच जाएंगे और केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना जीरामजी की खूबियों से उन्हें अवगत कराएंगे तथा इस योजना के संदर्भ में कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक जानकारियों का पदार्फाश करेंगे। 100 दिन की जगह 125 दिन तक सुनिश्चित रोजगार हफ्तों में भुगतान महीना का इंतजार नहीं बायोमेट्रिक व्यवस्था से पारदर्शिता रखी जाएगी।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चयन समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर (अटल नगर) के पत्रानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला एमसीबी में परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त आयोजनों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए चयन किए जाने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया है। परेड प्रतियोगिता के लिए समिति अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा, सदस्य उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एमसीबी श्रीमती तरशिला टोप्पो, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए समिति अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा,सदस्य सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग सुश्री अंकिता मरकाम समिति द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले दलों एवं प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया जाएगा।

### आरक्षण रोस्टर तैयार किए जाने समिति गठित

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार जिले में नियुक्ति एवं चयन प्रक्रियाओं में आरक्षण के संबंध में आरक्षण रोस्टर तैयार किए जाने के कार्रवाई के लिए पदेन समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अध्यक्ष, अपर कलेक्टर स्थापना शाखा सदस्य सचिव, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कोषालय अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

## अब तक 5.58 लाख क्विंटल की हुई है खरीदी

# एमसीबी में 84 हजार क्विंटल से अधिक धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में अब तक कुल 5.58 लाख क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है, जिसमें से 84,840 क्विंटल धान का सफल उठाव किया गया है, जो कुल उपार्जित मात्रा का लगभग 15.19 प्रतिशत है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में 4,73,860.20 क्विंटल धान शेष है, जिसे प्रशासन द्वारा चरणबद्ध कार्ययोजना के तहत जल्द उठाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार केल्हारी 24,420 क्विंटल, चैनपुर 14,890 क्विंटल, रतनपुर 9,820 क्विंटल, घुटरा 8,000 क्विंटल, कठौतिया, 8,240 क्विंटल, नागपुर 5,980 क्विंटल, बरदर 2,830 क्विंटल, बंजी 2,450 क्विंटल, खड़गवां 1,940 क्विंटल, बरबसपुर, 1,800 क्विंटल का उठाव हुआ है। इसके अलावा कोडा, कुवांरपुर, जनकपुर और डोडकी उपार्जन केन्द्रों से भी निर्धारित मात्रा में धान का उठाव किया गया है। कुछ केन्द्रों में फिलहाल धान उठाव शून्य है, लेकिन शेष धान उठाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं और आगामी दिनों में उठाव की गति और तेज की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में धान उठाव केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों के विश्वास और हित से जुड़ा दायित्व माना जा रहा है। जिला प्रशासन नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रत्येक उपार्जन केन्द्र की स्थिति पर सतत निगरानी रख रहा है, जिससे शेष धान का समय पर और सुरक्षित उठाव सुनिश्चित हो सके।




धान उठाव का कार्य जारी।

## बिहारपुर में विचरण कर रहा 15 हाथियों का दल



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के वनपरिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत हाथियों का 12-15 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इस दल के विचरण के दौरान किसी तरह के जनहानि की शिकायते नहीं मिली हैं। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के वनपरिक्षेत्र बिहारपुर अंतर्गत परिसर चपलीपानी के कक्ष क्रमांक 858 में रविवार को हाथियों का दल विचरण कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार इस दल में लगभग 12 से 15 हाथियों दली है। वन विभाग के मदानी अमले ने हाथी प्रभाावित क्षेत्र के लोगों को हाथियों के दल से सुरक्षित रहने की समझाईस दी और हाथी से बचाव को लेकर प्रभावित क्षेत्रों के गांव में मुनादी भी कराई जा रही है। वन विभाग के अनुसार इस क्षेत्र से हाथियों के दल को ग्राम नवाडीह, कांटो, बैरागी, बसखोहर, मनियारी, शिवपुर, हराडीह व निगनोहर क्षेत्र की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। वन विभाग का मैदानी अमला हाथियों के आवाजाही पर सतत निगरानी बनाए हुए है।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 355 की जगह 600 लेने की शिकायत

**सोनहत।** जिले के सोनहत मुख्यालय स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय परिसर में परिवहन विभाग के निर्देशानुसार एक दिवसीय ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लाइसेंस सुविधा केन्द्र द्वारा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का कार्य किया जा रहा था। यहां आवेदकों का आरोप है कि लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस के लिए निर्धारित सरकारी शुल्क 355 के बजाय उनसे 600 तक की राशि वसूली गई। कुछ आवेदकों ने बताया कि भीड़ और प्रक्रिया जटिल होने के कारण कई लोगों का लाइसेंस नहीं बन सका, जबकि कुछ से अतिरिक्त राशि की मांग की गई। स्थानीय आवेदकों के



अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर शुल्क कम दशार्या जा रहा है, लेकिन शिविर स्थल पर मौजूद बिचौलियों द्वारा फॉर्म भरने के नाम पर अपने निजी फोन-पे खातों में 600 की मांग की गई। कुछ आवेदकों ने भुगतान से संबंधित स्क्रीनशॉट भी साझा किए हैं। मामले में विभाग के लोगों का कहना है कि यदि इस प्रकार की शिकायतें सामने आई हैं तो जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आवेदकों को केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही शुल्क का भुगतान करना चाहिए।

### नौकरी लगवाने के नाम पर शिक्षक से ठगी

**सूरजपुर।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय के कर्मचारी के पुत्र को एसईसीएल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 13 लाख 35 हजार की ठगी कर लिया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार ग्राम पचीरा निवासी तेलाई कच्छार में शिक्षक के पद पर पदस्थ हेमंत कुमार राजवाडे ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है 2023 में गांधीनगर निवासी आकाश खरे ने उसके बेटा अंकुर राजवाड़े को एसईसीएल भटगांव में नौकरी लगवाने के एवज में 15 लाख की मांग की। इधर पुत्र की नौकरी एसईसीएल में लग जाने को लेकर शिक्षक राजी हो गया। इस बीच विभिन्न माध्यम से आकाश खरे के खाते में 13 लाख 35 हजार 027 रुपए जमा कर दिया। इसके बाद भी आकाश ने नौकरी नहीं लगवाया और जब शिक्षक रुपए वापस लौटाने की बात कही तो आकाश खरे रुपए वापस करने से इंकार कर दिया।

## मकर संक्रांति पर सिद्धबाबा धाम में वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित

**मनेन्द्रगढ़।** मकर संक्रांति के पावन पर्व के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ऊँचे पहाड़ पर विराजमान आस्था के प्रमुख केन्द्र सिद्धबाबा धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

इसी को ध्यान में रखते हुए सिद्धबाबा सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। सिद्धबाबा सेवा समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार 14 जनवरी को प्रातः 8 से शाम 6 बजे तक सिद्धबाबा धाम की ओर जाने वाले मार्ग पर चार पहिया एवं दुपहिया वाहनों का ऊपर की ओर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय भक्तों की बढ़ती संख्या, संकरे पहाड़ी मार्ग तथा सुरक्षा कारणों को देखते हुए लिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना से बचा जा सके। समिति ने बताया कि मकर



संक्रांति के दिन काफी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए सिद्धबाबा धाम पहुंचते हैं, ऐसे में वाहनों की आवाजाही से मार्ग में जाम, अव्यवस्था एवं जोखिम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रतिबंध के दौरान श्रद्धालु पैदल मार्ग से दर्शन के लिए जा सकेंगे। समिति द्वारा मार्ग में आवश्यक सहायता, जल व्यवस्था एवं मार्गदर्शन की व्यवस्था भी की जाएगी। सिद्धबाबा सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन एवं समिति के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें। साथ ही, बुजुर्गों, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया गया है। समिति ने कहा कि श्रद्धालुओं का सहयोग ही आयोजन को सफल एवं सुरक्षित बना सकता है।

## शक्ति केन्द्र खोंगापानी में एसआईआर को लेकर बैठक



**मनेन्द्रगढ़।** हसदेव मंडल अंतर्गत शक्ति केन्द्र खोंगापानी के बूथ क्रमांक 304 में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

यह बैठक वार्ड क्रमांक 8 में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता बूथ क्रमांक 304 की बीएलए-2 श्रीमती वंदना विश्वकर्मा जी ने की। बैठक का उद्देश्य एस आई आर प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना तथा संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा करना रहा। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के हसदेव मंडल महामंत्री जितेन्द्र प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल महामंत्री भगवान दास, छाया पार्षद अब्दुल अजीज, अनिल शर्मा सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक में सक्रिय सहभागिता निभाई। बैठक के दौरान एसआईआर से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करते हुए समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्य करने का आह्वान किया गया।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को सरस्वती शिशु मंदिर में विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, आदर्शों और राष्ट्र निर्माण के उनके संदेश से जोड़ना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य विनोद शुक्ला ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार दोपहर 2:30 बजे से स्वाभिमान दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वाभिमान दौड़ का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट के प्रति कर्तव्य भावना का संचार करना है। दौड़ के उपरांत विद्यालय के सभागार में स्वामी विवेकानंद के जीवन, दर्शन और उनके ओजस्वी विचारों पर आधारित एक वैचारिक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस गोष्ठी में क्षेत्र के प्रबुद्ध वक्ता अपने विचार रखेंगे।

## पैपीलॉन स्टे फार्म में 20 साल बाद मिले 2006 बैच के छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्कूली बस्ते का वह बोझ, प्रार्थना सभा की वह शांति और साथ बैठकर लंच साझा करने की वे यादें वक्त बदला, शहर बदले और बदल गए चेहरे, लेकिन जो नहीं बदला वो था निःस्वार्थ बचपन का प्रेम।

राजधानी रायपुर के पैपीलॉन स्टे फार्म में रविवार को एक ऐसा ही भावुक नजारा देखने को मिला, जब सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ के 2006 बैच के छात्र-छात्राएं लगभग दो दशक बाद एक-दूसरे के गले मिले। इस मिलन की सबसे खास बात यह रही कि दूरियां दोस्ती के आगे छोटी पड़ गईं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न से नेहा सिंह विशेष रूप से अपने पुराने साथियों से मिलने रायपुर पहुंचीं। नेहा ने भावुक होते



हुए कहा कि देश छूटा, शहर छूटा, पर उन दोस्तों की यादें हमेशा दिल में रहीं, जिनके साथ क-ख-ग-घ सीखा था। इसी तरह अंकिता और कुणाल बेंगलुरू से, तो शिप्रा तिवारी दिल्ली से इस खास पल का हिस्सा बनने पहुंचीं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के इस बैच के करीब 30 छात्रों ने डिजिटल क्रांति का सही उपयोग किया। व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए देश-विदेश में बिखरे दोस्तों को जोड़ा गया। आज इस ग्रुप में कोई डॉक्टर है, कोई इंजीनियर, कोई पत्रकार, तो कोई सफल व्यवसायी, लेकिन रायपुर के इस फार्म हाउस में सब केवल छात्र थे। कार्यक्रम का आगाज बेहद भव्य रहा। जैसे ही दोस्त फार्म हाउस पहुंचे, उनका स्वागत ढोल-ताशों की गूंज और मोतियों की माला पहनाकर किया गया। दिन भर हंसी-ठिठोली का दौर चला और हर किसी ने अपने स्कूली जीवन के किस्से साझा किए। सोमवार को इस दो दिवसीय आयोजन का समापन यादगार ग्रुप फोटो, विशेष मोमेंटो और उपहारों के वितरण के साथ किया गया। इसमें साकेत गोयल, सतीश गुप्ता, पंकज जैन, रवि तल्लानी, चंद्रशेखर तिवारी, राजेश चोपड़ा, नेहा सिंह, नेहा सरकार, समीर आलम, अंकित अग्रवाल, अंकिता मजूमदार, कुणाल मजूमदार, आयुष पटेल, शिप्रा तिवारी, हर्ष अहिरवार, मनीष बरियार, प्रतीक नायक, गौरव त्रिपाठी, मनीष सिंह, सोनू सिंह, मनोज नागपुरे, राकेश पासवान, दीपक तोमर, रविकांत सिंह, दीपक साहू और राहुल तिवारी आदि शामिल रहे।

### व्हीटीसी कॉलोनी के शिव मंदिर में आयोजन

**कॉलरी।** प्रदेश संगठन के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी शिवपुर-चरचा मंडल द्वारा व्हीटीसी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में 10 जनवरी को पूरे श्रद्धा भाव एवं उत्साह के साथ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर राष्ट्रीय की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक स्वाभिमान के संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री सचिन मलिक उर्फ मुन्ना चक्रधारी, जिला मंत्री प्रदीप तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिव मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा उठा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक संघर्ष, पुर्ननिर्माण और उसके राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़े महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान का जीवंत प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रीहित में एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकता, सेवा कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चरणबद्ध प्रदर्शन शुरु

# गांधी पार्क में कांग्रेसियों का उपवास सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रविवार को शहर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बैकुंठपुर के गांधी पार्क में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला प्रभारी व पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने धरने को संबोधित करते हुए केन्द्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई सरकारी खैरात नहीं, बल्कि यूपीए सरकार द्वारा दिया गया गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। केन्द्र सरकार ने फंडिंग पैटर्न बदलकर और राज्यों पर 40 प्रतिशत वित्तीय बोझ डालकर इस योजना




को कमजोर बनाने की सोची-समझी साजिश रची है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा की मूल भावना इसकी वैधानिक गारंटी है, जिसे वर्तमान सरकार खत्म करना चाहती है। निर्णय प्रक्रिया का केन्द्रीकरण कर ग्राम सभाओं और पंचायतों की शक्ति छीनी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और बजट कटौती की कोशिशें बंद नहीं हुईं तो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन का भयावह मंजर देखने को मिलेगा। सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस ने अपनी चार सूत्रीय चट्टानी मांगे दोहराई। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद बंशगोपाल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह, राजीव गुप्ता, बिहारी लाल राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, हेमसागर यादव, भूपेन्द्र यादव, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सुमन दूबे, आशीष डबरे, देव नारायण यादव, संतोष गोयन, यशपाल सिंह, फारोग सिद्दीकी, सत्यनारायण मोदी, हीरालाल साहू, दीपक गुप्ता, राज बहादुर, स्वतंत्र महोबिया, सुरेन्द्र तिवारी, सौरभ गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, अंकित गुप्ता, वीरेन्द्र कुमार साहू, विजय सिंह, अविनाश पाठक, सोहन स्वामी, एजाज गुड्डू, रूद्र प्रसाद साहू, निलेश साहू, अनित दुबे आदि मौजूद रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर ज्वालामुखी मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के पावन अवसर पर 10 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी मंडल जनकपुर द्वारा सिंगरौली स्थित ज्वालामुखी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना एवं ऊँ नमः शिवाय मंत्र का सामूहिक जाप श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा और उपस्थित कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं राष्टNीय स्वाभिमान के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाना रहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है। इस पावन आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह, जिलामंत्री पवन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष नरेश यादव, मंडल महामंत्री मणि प्रसाद पाण्डे, मोतीलाल पाण्डे, शक्ति केन्द्र प्रभारी लक्ष्मण कुशवाहा, शक्ति केन्द्र संयोजक अमरजीत यादव, बूथ अध्यक्ष अशोक गुप्ता, बलिराज सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा-अर्चना एवं मंत्र जाप के दौरान सभी ने देश की एकता, अखंडता, समृद्धि एवं सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए प्रार्थना की।

## खबर संक्षेप

### अनिल अग्रवाल बने किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष, निराला जिलाध्यक्ष




**सीतापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति के बाद प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने भाजपा किसान मोर्चा में बड़े बदलाव किए है। पूर्व में प्रदेश मंत्री का दायित्व निभा रहे भाजपा के किसान नेता अनिल अग्रवाल को प्रदेश का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अनिल अग्रवाल वर्तमान में जनपद उपाध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे है। प्रदेश उपाध्यक्ष बने अनिल अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे वो पूरी ईमानदारी के साथ निभायेंगे। वहीं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किए गए संगठनात्मक विस्तार में ग्राम सुर निवासी भाजपा नेता अनिल निराला को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर इनके समर्थक काफी उत्साहित हैं।अपनी नियुक्ति को लेकर अनिल निराला ने कहा कि प्रदेश संघटन ने उन पर जो भरोसा जताया है उस पर वो खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।

### संयुक्त शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक में श्रीमती ममता मण्डल जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, गिरवरधारी यादव कार्यकारी जिलाध्यक्ष, भूपत सिंह एवं श्रीमती प्रतिमा सिंह उपाध्यक्ष, राधेश्याम साहू सचिव, भुवनेश्वर सिंह कोषाध्यक्ष, दिनेश पाण्डेय, दिल मोहम्मद अंसारी, भास्कर सिंह महासचिव, मुन्ना लाल भगत, करमचंद गुप्ता, बहादुर खान महामंत्री, के जीडी पाण्डेय, राजेश प्रसाद दुबे संगठन सचिव, अखिलेश पाण्डेय, जितेंद्र नाथ तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी को संगठन मंत्री मनोनीत किए गए। इस दौरान संगठन के अन्य पदाधिकारियों का भी मनोनयन किया गया।

### किसानों के नाम ऋण आहरित करने का आरोप, की शिकायत

**अम्बिकापुर।** सहकारी समिति केरजू के पंजीकृत किसानों ने प्रबंधक पर उनके नाम से फर्जी तरीके से ऋण आहरण करने का आरोप लगाया है तथा जिला स्तरीय समस्या निवारण शिविर में उपस्थित अधिकारियों से शिकायत की है। किसानों ने बताया कि समिति के तत्कालीन प्रबंधक ने उनकी जानकारी के बिना ऋण निकाल लिया है जबकि कई किसानों ने न तो कभी ऋण के लिए आवेदन दिया है न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया है। धान विक्रय की राशि ऋण में समायोजित करने से परेशान किसानों ने समिति कर्मचारियों से जानकारी ली तो ऋण आहरित करने की जानकारी मिली। बिना ऋण लिए राशि वसूली का दबाव बढ़ने से किसान काफी तनाव में हैं। किसानों ने प्रशासन से सहकारी समिति बैंक की पेटला शाखा की जांच करा वसूली गई राशि को वापस कराने अन्यथा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### दो दिवसीय प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्ष सहित अन्य हुए शामिल

**ओड़गी।** छग शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं शैक्षिक संगोष्ठी नगर निगम रायगढ़ के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। सम्मेलन में प्रदेशभर से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। सम्मेलन से लौटने के पश्चात ओड़गी में संगठनात्मक गठन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष अंगद यादव सहित गौरी शंकर पाठक, विश्वनाथ राम, अभिषेक सिंह, संजय गौड़, नन्हू राजवाड़े, मो.शाकिर, तेजनाथ सिंह, ऋषि कुमार पाण्डेय, सिद्धेश्वर कुमार सिंह, लव कुमार सिंह, इंद्रदेव यादव, एसएन प्रजापति व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## योजना से वंचित हैं ग्राम पंचायत लहपटरा के ग्रामीण

# नल-जल योजना के तहत घरों में लगाए गए नल कनेक्शन एवं पानी टंकी बनी शो पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ लहपटरा

ग्रामीणों को घर में ही शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना नल जल योजना अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन का विस्तार कर घरो में नल कनेक्शन लगाए जा रहे है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम पंचायत लहपटरा में ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन लगाने तथा पानी टंकी का निर्माण हुए एक साल हो गए बावजूद इसके ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सका। ऐसे में घरों में लगाए गए नल कनेक्शन और नव निर्मित पानी टंकी शो पीस बनकर रह गया है। ऐसे में अधिकारियों की उदासीनता रवैया का खामियाजा ग्रामीणों न सिर्फ भुगतना पड़ रहा है बल्कि नल जल योजना से वंचित है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- चार साल बाद भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हो सका शुद्ध पेयजल

ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पानी पहुंचाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। इस योजना के तहत ग्राम पंचायतों में काम लगभग चार साल पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है। कुछ ग्राम पंचायतों में योजना का लाभ मिल रहा है लेकिन ग्राम पंचायत लहपटरा के ग्रामीण आज भी योजना से वंचित है। ऐसा नहीं हे कि ग्राम पंचायत में योजना के मुताबिक पानी टंकी का निर्माण एवं ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन नहीं लगाए गए है। पानी टंकी का निर्माण व ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन लगाए साल भर हो चुके है बावजूद आज तक ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो सका। ग्राम पंचायत लहपटरा में चार वर्ष पूर्व लाखों की लागत से पानी टंकी तथा ग्रामीणों के घरों में नल कनेक्शन, चबूतरा का निर्माण किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत लहपटरा में नल जल योजना के तहत हर घर को पानी उपलब्ध कराने के लिए टंकी तो बनी परंतु नल जल योजना ग्रामीणों के घर तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुच पाई।



साल भर से तैयार पानी टंकी।

**लंबी दूरी तय कर लाते है पानी**

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यह योजना शुरू की गई थी, ताकि लोगों को हैंडपंप, कुएं या दूरस्थ जल स्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े। लेकिन पानी की सप्लाई नहीं होने से स्थिति बदतर हो गई है। महिलाओं सहित बच्चों को रोजाना कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनका समय और श्रम दोनों नष्ट हो रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**क्षतिग्रस्त होने लगे नल व चबूतरा**

ग्राम पंचायत लहपटरा क्षेत्र में नल जल योजना का काम शुरू होने तथा घरों के सामने नल के साथ चबूतरा का निर्माण करने से ग्रामीणों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने की आस जगी। हैरानी की बात यह है कि घरों में चबूतरा के साथ नल तो लगाए गए और पेयजल सप्लाई के लिए पानी टंकी का निर्माण किया गया लेकिन पेयजल सप्लाई नहीं होने से पानी टंकी सहित नल कनेक्शन महज शो पीस बन कर रह गई है। आलम यह है कि अब ग्रामीणों के घर के सामने बनाए गए चबूतरा व लगाए गए नल उपयोग नहीं होने से अब क्षतिग्रस्त होने लगे है।

**पेयजल सप्लाई करने की मांग**

क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि घर के सामने नल जल योजना के तहत नल व चबूतरा के अलावा पानी टंकी तो बनाया गया है लेकिन आज तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हुआ। ऐसे क्षेत्र के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने नल जल योजना के तहत बनाई गई टंकी से पेयजल सप्लाई शुरू करने की मांग की है जिससे लोगों को घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

**पांच-छह माह का लगेगा समय**

पानी टंकी में बोर बजाए पाइप लाइन से पानी भरा जाएगा। क्षेत्र में पांच पानी टंकी बनाए जा रहे है। पाइप लाइन का काम शुरू हो गया है। पांच छह माह के भीतर पानी टंकी से पेयजल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

-प्रदीप खलखो, ई पीएचई विभाग



बलवा ड्रिल में शामिल पुलिस अधिकारी।

## तातापानी महोत्सव में किसी भी स्थिति से निपटने किया गया बलवा ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

तातापानी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है। इस दौरान जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के दौरान होने वाली भीड़ व सुरक्षा दृष्टि से भी अनेकों तैयारियां की गई हा। इस बीच 9 जनवरी को रक्षित केंद्र में तातापानी महोत्सव को मद्देनजर रखते हुए कानून व्यवस्था,ला- ऑर्डर की स्थिति निर्मित होने पर पुलिस बल के द्वारा उक्त स्थिति से निपटने हेतु जिले के लगभग 150 अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ उपस्थित वरिष्ठ अधिकारीयो की उपस्थिति में रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन के द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

बलवा ड्रिल के दौरान पुलिस बल की अलग-अलग टीम बनाकर अभ्यास कराया गया। लॉ एंड ऑर्डर में उग्र भीड़ को तितर बितर करने के लिए नियम अनुसार की जाने वाली एक एक कार्रवाई को बारीकी से समझाते हुए स्मोक अश्रु गैस, कैन पार्टी, राइफल पार्टी के साथ-साथ डॉक्टर, रिजर्व बल, थाना प्रभारी, मजिस्ट्रेट के द्वारा की जाने वाली कार्रवाई को ग्राउंड पर लाइव डेमो के साथ अभ्यास किया गया। इसके साथ ही एसपी वैभव बेंकर ने अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान करने वाले गलतियों को चिन्हांकित कर डीब्रीफिंग की गई जिससे आकस्मिक लॉ एंड ऑर्डर स्थिति निर्मित होने पर प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने कर्तव्यों को पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर सके। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक याकूब मेनन, प्रमोद किस्पोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन, निरीक्षक राजेंद्र यादव, उनि ओमप्रकाश पटेल सहित करीब 150 अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।



### बीएड प्रशिक्षणार्थियों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

**अम्बिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र ने युवा दिवस सप्ताह पर नशामुक्ति, यातायात, साइबर अपराध एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नवा बिहान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य डॉ.शिव कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सीएसपी राहुल बंसल के मुख्य आतिथ्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.अंजन सिंह ने युवा दिवस सप्ताह पर प्रकाश डाला एवं कहा कि विवेकानंद के आदर्शों को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। पूर्व प्राचार्य डॉ.त्रिपाठी ने कहा कि यातायात के प्रावधानों को बताने के साथ ही स्वयं पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। विधिक सेवा प्राधिकरण के पुष्प मित्र मल्तियार ने जरूरतमंदों एवं महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया। संयोजक मंगल पाण्डेय ने युवाओं के सशक्तिकरण में नवा बिहान द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि अनुशासन मानव जीवन का मूल मंत्र है। हम अनुशासित होकर काम करें तो समस्या रहित समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दे सकेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि युवाओं में आक्रामकता एवं अकर्मण्यता का बढ़ता प्रतिशत चिंता का विषय है। ये दोनों प्रवृत्ति घातक है। इससे बाहर निकलने का माध्यम, ध्यान, योग, विवेक एवं अच्छे लोगों की संगत है जो उपयोगी जीवन का आधार बना सकता है। बीके विद्या बहन ने आध्यात्म और वर्तमान जीवन को सुसंगत करने की बात कही।

### शराब पीकर बाइक चलाने वालों पर 10-10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** नशे की हालत में बाइक चलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने युवकों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना मणीपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान बुलेट मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 सीजेड 1954 के चालक महामाया चौक निवासी 25 वर्षीय आकाश सोनी आ. राजू सोनी व अपाचे मोटरसायकल चालक क्रमांक सीजी 14 एमटी 0699 के चालक बरढोढ़ी निवासी 32 वर्षीय बन्नू दास आ. नैनदास की ब्रेथ एनालाइजर से मौके पर जांच की व नशे की हालत में बाइक चलाने की पुष्टि होने के बाद चालको के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर दोनों मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इन दोनों मामलों में न्यायालय द्वारा दोनों प्रकरणों में वाहन चालक के खिलाफ 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, सउनि अनिल पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, रामशंकर यादव, अनिल सिंह सक्रिय रहे।

## पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय में हुआ एलुमनी मीट



**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय में संचालित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय 10 जनवरी को भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय से विगत वर्षों में उत्तीर्ण होकर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुके पूर्व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं पूर्व विद्यार्थियों के स्वागत-सत्कार से की गई, जिससे पूरे परिसर में आत्मीयता और उत्साह का वातावरण बना रहा। समारोह के दौरान वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई। पूर्व विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय से जुड़े संस्मरणों को याद किया और वर्तमान छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य गिरीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि पूर्व छात्र विद्यालय की पहचान और गौरव होते हैं। उन्होंने सभी एलुमनी सदस्यों से विद्यालय के विकास में सहयोग बनाए रखने की अपील की। अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## युवा दिवस पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



स्वामी विवेकानंद की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय पं.रामनारायण शर्मा चंद्रभूषण मिश्र और दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव के आतिथ्य एवं शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी के प्रारंभ में मां वाग्देवी की सामूहिक पूजा, रामचरित मानस बीडी लाल और सुरेश जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया।

सरस्वती वंदना की प्रस्तुति नीलिमा जायसवाल ने दी। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक संत होने के अलावा महान देशभक्त, प्रखर वक्ता, विचारक और मानवता प्रेमी थे। युवाओं को उठो जागो और लक्ष्य प्राप्त करने तक रूको नहीं का नारा बुलंद किया। उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित होकर हजारों युवकों ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में अपने को झोंक दिया। उन्होंने युद्ध के स्थान पर शांति, विनाश की जगह निर्माण तथा मतभेद व कलह की जगह मित्रता का उद्घोष किया। सच्चिदानंद पाण्डेय ने विवेकानंद के 1877 से 1879 तक रायपुर प्रवास की चर्चा की। गोष्ठी में जयप्रकाश चौबे ने वह सन्यासी, वह तेजपुंज भारत का अनुपम मान था, श्याम बिहारी पाण्डेय ने जवानी हो अगर मुमकिन विवेकानंद जैसी हो, अजय सागर ने इस नए दौर में भी नया कुछ कर दिखाना है, संतोष सरल ने युवा तो बहती ठंडी हवा है, मुकुंदलाल साहू ने यह जीवन अनमोल है, रहे हमेशा याद, उमाकांत पाण्डेय ने मैने माना रूसवाई बहुत है, राजेश पाण्डेय अब्र ने मुझको तुम्हारी है प्रतीक्षा तुमचले आओ, प्रकाश कश्यप ने दास्तां गुजरे जमाने की सुनाने आ गया यह साल, रामलाल विश्वकर्मा की हटा लो उन किताबों से हर्फे जो खराब है, खुबसूरत बोतल में बंद वो शराब है तथा कवि चंद्रभूषण मिश्र ने देखकर वो अपनी नजरे झुका लेते हैं एवं शायर-ए-शहर यादव विकास ने बंजारा दिल से प्यार किसी ने किया नहीं रचना सुनाई। धन्यवाद ज्ञापन अंजलि चौबे ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, लीला यादव, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

## मोबाइल ऐप से हाजिरी पर शिक्षक संगठनों का विरोध

**रामानुजगंज।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल एप के माध्यम से दर्ज कराने के आदेश का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन रामचन्द्रपुर ने कड़ा विरोध किया है। संगठन का कहना है कि यह व्यवस्था न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि शिक्षकों की निजता और सुरक्षा के अधिकारों का भी उल्लंघन करती है।



- रामचन्द्रपुर ब्लाक अध्यक्ष अंचल यादव ने बताया अव्यवहारिक प्रयोग

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन रामचन्द्रपुर ब्लाक अध्यक्ष अंचल यादव ने बताया कि मोबाइल फोन शिक्षकों की निजी संपत्ति है और उस पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराना आपत्तिजनक है। इससे निजी डाटा की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं और यदि किसी भी प्रकार का डाटा लीक होता है या दुरुपयोग होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग को लेनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करनी है तो उसके लिए आवश्यक मशीनें स्वयं उपलब्ध कराई जाएं और उन्हीं के माध्यम से उपस्थिति ली जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि रामचन्द्रपुर विकासखंड के कई विद्यालय ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या है। ऐसे में मोबाइल एप के जरिए अटेंडेंस दर्ज कराना शिक्षकों के लिए अनावश्यक परेशानी का कारण बनेगा। विकासखंड रामचंद्रपुर पूरी तरह मोबाइल नेटवर्क से जुड़ा नहीं है, जिसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। संगठन ने राज्य शासन से मांग की है कि शिक्षकों की सुरक्षा, सम्मान और निजता को ध्यान में रखते हुए वीएसके ऐप आधारित ई-अटेंडेंस के पायलट प्रोजेक्ट पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक और अनावश्यक ऑनलाइन कार्यों से मुक्त कर उन्हें मूल शिक्षण कार्य पर केंद्रित होने का अवसर दिया जाए।



























## खबर संक्षेप



### सहकारी बैंक के अधिकारियों ने सीईओ को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर को उत्कृष्ठ कार्यों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित करने के उपरांत रविवार को उनके शहर पहुंचने पर बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि यह शाखा प्रबंधकों की मेहनत का ही नतीजा है कि राज्य स्तर पर मुझे सम्मान मिला है। उम्मीद है कि आगे भी आप बैंक की बेहतरी के लिए इसी तरह मेहनत करते रहेंगे। इस दौरान पदाधिकारियों ने कर्मचारी संघ की ओर से लंबित डीए का भुगतान शीघ्र कराने एवं पदोन्नति की मांग की जसे पूरा करने उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपकी मांगे कर्मचारी हित में है और इन पर बोर्ड में निर्णय लेकर पूरा किया जायेगा। इस दौरान शाखा प्रबंध कमल नयन पाण्डेय, संतोष जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, नरेश सिंह, गिरजा शंकर साहू, श्रीमती बिंदु रानी, श्रीमती ज्योति, संतोष मिंज, केपी मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया



**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिवस विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्रीय हिंदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी भाषा की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक हिंदी बुधलाल साहू, अतिरिक्त शिक्षक डॉ. श्रीकांत यादव, डॉ. विनोद साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा रोशनी यादव ने छात्रों के दृष्टिकोण से हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### बाइक सहित सड़क पर गिरा युवक, मौके पर हुई मौत

**अम्बिकापुर।** तेज रफ्तार से बाइक चला रहा युवक अनियंत्रित होकर सीसी सड़क पर गिर गिया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खोपा चौक करंजी निवासी सुरेश कुमार राजवाड़े आ. रन साय राजवाड़े गत दिन रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने झांसी गया था। वहां से वापस गांव आया लेकिन घर नहीं आया और बाइक से घूम रहा था। इसी बीच रात 9.30 बजे परिजन को सूचना मिली कि युवक ग्राम मलगा अटल चौक के पास अनियंत्रित होकर बाइक सहित सीसी सड़क पर गिर गया है। सूचना पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक मृत हालत में पड़ा हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्राम नकटीमुडा में तालाब किनारे मिला ग्रामीण का शव

अम्बिकापुर। सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम नकटी मुडा में तालाब के किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। मौत के कारणों को जानने पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतक की पहचान ग्राम ठेठेटांगर निवासी के रूप में की गई है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

### दो युवतियों समेत चार गंभीर रूप से घायल

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को दो अलग कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई जिनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना शहर से लगे हर्रा टिकरा में हुई जहां तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवतियों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी बात यह है कि मरने वालों में एक युवक घर से भोपाल जाने के नाम पर कटनी से निकला था और सरगुजा आ गया। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है जबकि मामले की जांच चल रही है।

**खास बात**

- दो अलग अलग कार दुर्घटना में तीन की गई जान

बताया जा रहा है कि शनिवार की रात 9.30 बजे मणिपुर थाना अंतर्गत हर्राटिकरा में तेज रफ्तार किया कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 4706 अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हर्रा टिकरा मोड़ पर चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार दो बार पलटने के बाद उल्टी खड़ी हो गई। घटना के दौरान कार में दो युवती के साथ ही चार युवक सवार थे और सभी बिशुनपुर की तरफ से घूमकर आ रहे थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान कार चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान एमपी जबलपुर करजी रोड निवासी 24 वर्षीय एंजिल विशाल तिर्की आ. विनोद कुमार तिर्की व मेंड्राकला निवासी 19 वर्षीय अंकित कुजूर आ थामस कुजूर के रूप में की गई। वहीं इस हादसे में कार सवार गांधीनगर लकड़ापारा निवासी 22 वर्षीय आर्यन कुजूर, 22 वर्षीय अनिमेष तिर्की के साथ ही जशपुर जिले के बगीचा महादेवडांड 19 वर्षीया निकिता केरकेट्टा व सीतापुर निवासी 19 वर्षीया तारा कुजूर के रूप में की गई है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।





दुर्घटनाग्रस्त का व स्कूटी, इनसेट में घायल।

### नानी के घर आया था मृतक

पुलिस के अनुसार मृतक एंजिल विशाल तिर्की मूलतः जबलपुर निवासी है और उसकी मां कटनी में शिक्षिका है। मृतक एंजिल विशाल तिर्की भोपाल में पढाई करता है और वह घर से भोपाल जाने के नाम पर ही घर से निकला था लेकिन वह बिना बताए जशपुर के रायकेरा में रहने वाली अपनी नानी के घर आ गया था जिसके बाद सभी दोस्त घूमने के लिए निकले हुए थे। दुर्घटनाग्रस्त कार आर्यन कुजूर की है और आर्यन की मां हीरामणि मिंज भी शिक्षिका है। आर्यन अपनी मां की कार लेकर निकला था लेकिन कार को मृतक एंजिल विशाल तिर्की चलाने लगा। वहीं कार सवार दो युवतियां भी कॉलेज की छात्राएं है। मृतक अंकित कुजूर के पिता भी अमेरा खदान में काम करते है। संभावना जताई जा रही है कि सभी एक साथ घूमने और पार्टी करने निकले थे इस दौरान हर्राटिकरा मोड़ पर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।

### कोचिंग के लिए निकले छात्र की मौत

इधर एक दूसरे हादसे में शनिवार की शाम एक छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बतौली शांतिपारा निवासी वैभव खलखो और नैतिक गुप्ता शनिवार की शाम स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएम 2794 से कोचिंग पढ़ने के लिए बिलासपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान बतौली गायत्री मंदिर के समीप तेज रफ्तार स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 15 डीए 2985 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार बच्चों को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान छात्र वैभव खलखो की मौत हो गई जबकि नैतिक गुप्ता का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जाएगा लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 37वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित सड़क परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिविर लगाए जा रहे है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखण्डों में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जारी आदेश के अनुसार, कार्यालय अंतर्गत पंजीकृत परिवहन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से निर्धारित तिथियों एवं स्थलों पर लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिक लर्निंग लाइसेंस से संबंधित सेवाओं का लाभ सरल एवं सुगम रूप से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, शिविरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। विकासखण्ड अंबिकापुर में 17 एवं 18 जनवरी को पीजी कॉलेज ग्राउंड तथा 24 जनवरी को महिला कॉलेज में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का संचालन अग्रवाल परिवहन सुविधा केन्द्र, शिवम् ऑनलाइन परिवहन सुविधा केन्द्र एवं अभिजीत परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा किया जाएगा। विकासखंड लखनपुर में 17 जनवरी को थाना लखनपुर परिसर में विजन परिवहन सुविधा केन्द्र एवं सरगुजा परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा। विकासखण्ड उदयपुर में 17 जनवरी को थाना उदयपुर में सुरभि परिवहन सुविधा केन्द्र एवं महामाया परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित होगा। विकासखण्ड सीतापुर में 17 जनवरी को थाना सीतापुर में अंकित परिवहन सुविधा केन्द्र एवं एक्का परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा।विकासखण्ड लुण्ड्रा में 18 जनवरी को थाना लुंड्रा में प्रिंस परिवहन सुविधा केन्द्र एवं पटेल ऑनलाइन परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड बतौली में 18 जनवरी को थाना बतौली में मनसा परिवहन सुविधा केन्द्र एवं गुलशन परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड मैनपाट में 18 जनवरी को थाना मैनपाट में गुप्ता कपील परिवहन सुविधा केन्द्र एवं सरगुजा परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा युवाओं एवं नए चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक करना है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील है।

### अनियमितता पर हटाए गए धंधापुर और कामेश्वरनगर खरीदी प्रभारी

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 49 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न करने की दृष्टि से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की नीति के प्रावधान अंतर्गत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा धान खरीदी केंद्र धंधापुर एवं कामेश्वरनगर में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित धान खरीदी प्रभारी को हटाया गया। साथ ही धान उपार्जन केंद्र धन्धापुर में मोहन सिंह को उपार्जन केंद्र धन्धापुर का धान खरीदी प्रभारी का दायित्व दिया गया है इसी प्रकार कामेश्वरनगर में मनोज यादव को धान उपार्जन केंद्र कामेश्वरनगर का धान खरीदी प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

## फिलहाल ठंड से नहीं मिलेगी राहत, जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम पारा में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी पारा 5 डिग्री पर है। मौसम विज्ञानी 15 जनवरी तक पारा में आंशिक उतार-चढ़ाव होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- रविवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रिकॉर्ड, बढ़ेगा कोहरा एवं धुंध का प्रभाव

पिछले पांच दिनों से न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि हो रही है तथा रविवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है तथा दिन का तापमान 23.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में वृद्धि होने से दिन की कनकनी युक्त ठंड से राहत मिली है लेकिन पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चलने के कारण रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात के तापमान में वृद्धि होने के बावजूद सरगुजा अभी भी छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है। फिलहाल उत्तर भारत में विक्षोभ की सक्रियता नहीं है लेकिन मध्य भारत के ऊपर सक्रिय ऊपरी हवा के चक्रवात एवं जेट धारा की सक्रियता के कारण फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार जेटधारा ठंड बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। जेट धारा पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं को अपनी ओर खींचने के साथ ही पूरे वातावरण में फैला रही हैं जिसके कारण ठंड से राहत नहीं मिल रही है। इधर उत्तर भारत में हुई बर्फबारी की ठंडक पश्चिमोत्तर हवाएं लेकर पहुंच रही है। जब तक पश्चिमोत्तर की हवाओं का प्रवाह नहीं रूकता ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में एक बार फिर कोहरा एवं धुंध के प्रभावी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि मध्य भारत के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवात सक्रिय होने के कारण 15 जनवरी तक पारा में उतार-चढ़ाव होने के साथ ही ठंड के यथावत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में कोहरा एवं धुंध की सक्रियता रहने की संभावना है।

## हादसे में मृत कामगार के परिजन को प्रदान की गई सहायता राशि

**बिश्रामपुर।** बौरीडांड से सूरजपुर के बीच चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के दौरान हुए हादसे में मृत कामगार के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई है। शुक्रवार 9 जनवरी को दोहरीकरण कार्य के दौरान मिट्टी के मलबे में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

रेल प्रबंधन की पहल पर संबंधित ठेका कंपनी द्वारा हादसे में मृत मजदूर दिलाराम पिता गोधूल (50 वर्ष), निवासी भवराही को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई। घटना के बाद अंतिम संस्कार व पारंपरिक क्रिया कर्म हेतु मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये की नगद सहायता दी गई थी वहीं अगले दिन ठेकेदार द्वारा मृतक की पत्नी श्यामबाई को 7 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। ठेका कंपनी की तरफ से यह भी बताया गया कि जोखिम भरे इस कार्य को देखते हुए साइड में कार्यरत मजदूरों का 10-10 लाख रुपये का बीमा कराया गया, मृतक दिलाराम के बीमा क्लेम की प्रक्रिया बीमा कंपनी के समक्ष प्रारंभ कर दी गई है, जिसकी राशि भी शीघ्र ही परिवार को मिलने की संभावना है। रेल सूत्रों के अनुसार, ठेका कंपनी द्वारा मृतक के परिवार के किसी एक सदस्य को आजीविका हेतु कंपनी में रोजगार देने तथा तीन बेटियों की शिक्षा के लिए निःशुल्क व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिलाराम अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था,वहीं हादसे में घायल दूसरे मजदूर देवसाय का एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। बताया जाता है कि घटना के दिन दोनों मजदूर दोहरीकरण परियोजना के फर्स्ट फेज के अंतर्गत टैग्नी–सावारावा के बीच केबल ट्रेंचिंग कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान मौके से एक यात्री ट्रेन गुजरने से उत्पन्न कंपन के कारण पास में रखा मिट्टी का ढेर अचानक ढह गया और दोनों मजदूर उसके नीचे दब गए।



## एसआईआर के तहत मतदाता सूची से काटे गए 41 हजार से अधिक नाम

**बलरामपुर।** जिले में एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। इस बीच जिले में 41 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत सूची से हटा दिए गए। हालांकि विलोपित किए गए मतदाताओं के नामों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दावा आपत्ति ली जा रही है। एसआईआर को लेकर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया से मिली जानकारी के अनुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संचालित है। प्रथम चरण में गणना पत्रक वितरण, संकलन के साथ-साथ गणना पत्रक को ऑनलाईन किये जाने का कार्य तथा प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा-आपत्ति प्राप्त की जा रही है। गणना पत्रक भरने के चरण के पूर्व जिले में 5 लाख 73 हजार 571 मतदाता पंजीकृत थे। मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत जिले में वर्तमान में 5 लाख 31 हजार 639 मतदाता पंजीकृत है। गणना चरण भरने के उपरांत जिले से 41 हजार 932 मतदाताओं को विलोपन किया गया है, जिसका प्रमुख कारण मृत्यु, पलायन, डुप्लीकेट तथा अनुपस्थित होना है। विधानसभा 6 प्रतापपुर (आंशिक) में 7490 (6.05 प्रतिशत), विधानसभा 7 रामानुजगंज में 19104 (8.43 प्रतिशत) तथा विधानसभा 8 सामरी में 15338 (6.87 प्रतिशत) मतदाताओं का विलोपन किया गया है। इस संबंध में सभी बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा मतदान केन्द्र स्तर पर बीएलए, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सूची का वाचन कर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि गणना पत्रक चरण के उपरांत जिले में कुल 12114, (2.11 प्रतिशत) विधानसभा 6 प्रतापपुर (आंशिक) में 2291 (1.85 प्रतिशत), विधानसभा 7 रामानुजगंज में 4439 (1.96 प्रतिशत) तथा विधानसभा 8 सामरी में 5384 (2.41 प्रतिशत) मतदाता कैटेगरी सी के रूप में चिन्हित किये गये हैं। जिन्होंने गणना प्रपत्र वरण के दौरान वर्ष 2003 में स्वयं का अथवा अपने माता पिता दादा या दादी का विवरण नहीं दिया है। इन मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाकर सत्यापन किया जाएगा। यदि मतदाता ने अपना या रिश्तेदार का वर्ष 2003 का विवरण प्राप्त कर लिया है तो वे उसे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा जन्म के तिथि के अनुसार उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में दावा आपत्ति समस्त मतदान केन्द्रों में प्राप्त की जाएगी।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## वर्चुअल हास्य काव्य गोष्ठी में शामिल हुए विभिन्न राज्य के कवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर गुंजन संस्थान के तत्वावधान में वर्चुअल हास्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से कवि, साहित्यकार और लेखक शामिल हुए, जिन्होंने हिंदी भाषा, देश प्रेम, सामाजिक सरोकार और हास्य–व्यंग्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा गुप्ता ने किया जबकि सह-संचालन भारती शर्मा ने संभाला। गोष्ठी की शुरुआत कृष्णा बाबू द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। काव्य गोष्ठी का प्रथम आगाज़ कपिल अलवर, राजस्थान ने भावुक कविता से किया, जिसमें पिता के संघर्ष और पीड़ा को मार्मिक ढंग से उकेरा गया। इसके बाद शीरी विशाखापत्तनम ने आधुनिक कविता किसी को शिकायत का मौका न देंगे प्रस्तुत की। गिरधर कटिहार, बिहार ने सवेरा हो गया है फिर से कविता के माध्यम से आशा और सकारात्मकता का संदेश दिया। डॉ. हरनेक गिल दिल्ली ने कविता के व्यापक स्वरूप पर चर्चा करते हुए कामयाबी कविता सुनाई। डॉ. डीके उपाध्याय ने शाम ढलती है इक दिन शहर के लिए रचना प्रस्तुत की। रुस्तम कोटा, राजस्थान ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता हम जियें तो तिरंगे के खातिर जियें सुना कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। अर्जुन पांडे ने गंगा, हिमालय और रामकृष्ण को केंद्र में रखकर देशप्रेम की कविता प्रस्तुत की। राजेश रंजन (बांदा, यूपी–बिहार ने ग़ज़ल अमन का पुजारी अमन चाहता हूँ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कक्षा 11वीं की छात्रा तमन्ना ने हिंदी में हम क्यों कमजोर कविता से सबका ध्यान आकर्षित किया।

सुधांशु चक्रवर्ती हाजीपुर, बिहार ने मेला कविता के माध्यम से बचपन की स्मृतियां ताज़ा कीं। कामेश्वर राव कटिहार, बिहार ने हिंदी हमारे सम्मान की भाषा कब बनेगी और बूढ़ा बरगद जैसी रचनाएं प्रस्तुत कीं। भारती शर्मा ने हिंदी दिवस पर कविता हिंदी तो भारत भाल के सुहाग की है बिंदी सुनाई। चंद्रभूषण चंपारण, बिहार विशाखापत्तनम ने हिंदी पर करारा व्यंग्य प्रस्तुत किया। निगम प्रयागराज ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव बताते हुए अपनी रचना पढ़ी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. दीपा गुप्ता ने हास्य–व्यंग्य कविता अंगूठा छाप प्रस्तुत कर समाज की सच्चाइयों पर तीखा प्रहार किया।






